आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.01.2026 समय : 07.10PM

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम को करेंगे संबोधित; वैश्विक मंच पर रखेंगे एमपी पर्यटन का विजन।
- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अरावली के कुंभलगढ़ अभयारण्य को 'ईको-सेंसिटिव जोन' घोषित किया
- वन विहार ने 'अनुभूति शिविर' का किया आयोजन; स्कूली बच्चों ने सीखी वन्यप्राणी रेस्क्यू और पर्यावरण की सुरक्षा।

## भाजपा-अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की घोषणा की। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य दिग्गज नेताओं ने श्री नवीन को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

स्विट्ज़रलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम–2026 में मध्यप्रदेश की वैश्विक मौजूदगी लगातार मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल पर्यटन क्षेत्र में निवेश पर केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश की पर्यटन क्षमता, निवेश अवसरों और सतत विकास मॉडल को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेंगे।वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दूसरे दिन मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने कई अहम निवेश बैठकों में भाग लिया। प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने श्रीलंका के जॉन कील्स समूह के साथ लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन निवेश पर चर्चा

की। वहीं मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने क्रेसेंट एंटरप्राइजेज से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन निवेश को लेकर संवाद किया।एवरस्टोन समूह ने विनिर्माण और नवीकरणीय ऊर्जा में रुचि दिखाई, जबकि गूगल ने आईटी, डेटा सेंटर और जेमिनी एआई के जरिए कृषि व शिक्षा में सहयोग की इच्छा जताई। इन प्रयासों से मध्यप्रदेश एक भरोसेमंद और भविष्य-उन्मुख वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में तेजी से उभर रहा है।

## यादव अभयारण्य- अरावली पर्वत

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित कुंभलगढ वन्य जीव अभयारण्य को पर्यावरण के लिए संवेदनशील क्षेत्र घोषित करने संबंधी अधिसूचना जारी की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इससे न केवल क्षेत्र की वनस्पति और वन्य जीव के संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि स्थानीय समुदायों को भी समर्थन मिलेगा। श्री यादव ने कहा कि जैविक खेती जैसे पर्यावरण अनुकूल और सामुदायिक केन्द्रित प्रयासों को बढावा दिया जाएगा। साथ ही सतत आजीविका सुनिश्चित करने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को भी मजबूती दी जाएगी।

## हीमोग्लोबिन परीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय बहुल डिंडौरी जिले द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन और स्थानीय निवासियों को बधाई दी है। "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ" योजना के अंतर्गत संचालित "सुगढ़ टूरी- आज स्वस्थ, कल सशक्त" अभियान के माध्यम से डिंडौरी जिले ने एक ही दिन में 48 हजार से अधिक बालिकाओं और महिलाओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण कर "एशिया बुक ऑफ रिकाड्र्स" और "इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स" में अपना नाम दर्ज कराया है।

## अनुभूति कार्यक्रम

वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2025–26 के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्य प्राणी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में चतुर्थ प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शासकीय संदीपनि सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करोंद भोपाल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सहभागिता की।वन विहार के निदेशक विजय कुमार ने मीडिया से चर्चा में बताया कि ...

मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से आयोजित इस शिविर की नई थीम "हम हैं धरती के दूत" रही। विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्य प्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण, फूड चेन, वानिकी गतिविधियों और वन्य प्राणी रेस्क्यू प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

<u>सम्मेलन</u>

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में आज मध्य, पश्चिम, दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने की। इस सम्मेलन में राजभाषा कार्यान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न बैंकों, उपक्रमों और कार्यालयों को कुल 80 पुरस्कार प्रदान किए गए। गृह राज्य मंत्री ने अपने संबोधन में जोर दिया कि भाषा को बाधा नहीं बल्कि सेतु बनना चाहिए, साथ ही उन्होंने 'हिंदी शब्द सिंधु' जैसे डिजिटल शब्दकोश और आधुनिक तकनीक के माध्यम से हिंदी को विज्ञान एवं तकनीक से जोड़ने की सराहना की।

<u>टाइगर</u>

सागर के दुर्गावती टाइगर रिजर्व से एक खुशखबरी है। कान्हा टाइगर रिजर्व से लाया गया तीन साल का एक बाघ अब नौरादेही टाइगर रिजर्व में बस गया है। वन विभाग के अनुसार, इस बाघ को मोहली रेंज में छोड़ा गया है, जहां हाल ही में विस्थापन के बाद पर्याप्त जंगल क्षेत्र उपलब्ध हुआ है। नए बाघ की आमद से रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ेगी और जीन विविधता मजबूत होगी, जिससे इनब्रीडिंग की संभावना कम होगी। वन अधिकारियों का कहना है कि यह कदम भविष्य में बाघ संरक्षण के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में फिलहाल कड़ाके की ठंड से लोगों को कुछ राहत मिली है। बीते दो दिनों में रात के तापमान में करीब चार डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और दिन में धूप भी निकल रही है। हालांकि मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में ठंड एक बार फिर बढ़ सकती है। प्रदेश के ऊपर इस समय दो मौसम सिस्टम—वेस्टर्न डिस्टरबेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन—सक्रिय हैं, जिसके कारण कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। ग्वालियर, चंबल, रीवा और सागर संभाग में हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

संक्षिप्त समाचार

- पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत जबलपुर रेल मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान माल लदान और माल ढुलाई के क्षेत्र में पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों में सर्वाधिक वाणिज्यिक आय अर्जित करने वाला मंडल बनने का गौरव प्राप्त किया है।
- अशोकनगर जिले के आंगनवाडी केन्द्रों में 03 वर्ष से 06 वर्ष के बच्चो के माता-पिता व दूरस्थ क्षेत्र के परिवारो से संपर्क कर पंजीकृत किया गया।
- धार जिला मुख्यालय पर बसंत पंचमी को भोजशाला में अखंड पूजा के संकल्प को लेकर कल भव्य मातृशक्ति कलश यात्रा निकाली जाएगी
- मंदसौर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।
- खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, नीलकंठेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परमाणु ऊर्जा विभाग में रोजगार एवं करियर अवसरों पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।
- गुना में खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया।
- छिन्दवाड़ा में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज शासकीय कला पथक दल द्वारा ग्राम रोहनाकला, बांदाबोह, मुरमारी व कुकड़ा चिमन में रैली निकाली गयी.
- देवास जिले के सभी विकासखंडों एवं नगर परिषदों में लगभग 295 स्थानों पर आनंद उत्सव का आयोजन जिलेवासी 28 जनवरी तक किया जा रहा है